दिनांकः 10.07.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा–विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका।
- मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग पर पूरी तरह रोक लगाने पर ज़ोर दिया।
- गुरू पूर्णिमा पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन।
- प्रदेश के कई स्थानों पर तेज बरसात का दौर जारी–27 जिलों के लिए बारिश का येलो अलर्ट।

000

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में विश्वविद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आज गुजरात के केवड़िया में केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर श्री प्रधान ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में देश के उच्च शिक्षा ढांचे में आमूल–चूल बदलाव आया है।

..................

इस सम्मेलन में बहुमुखी और समग्र शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार तथा चिंतन कौशल विकास और शिक्षा में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। यह सम्मेलन शिक्षा मंत्रालय द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन को और अधिक गतिशील बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को जारी रखने की अनुमति दे दी है। न्यायालय ने कहा है कि आयोग को पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान आधार कार्ड, राशन कार्ड और मतदाता पहचान पत्र जैसे मुख्य पहचान पत्रों को स्वीकार करने पर भी विचार करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने माना है कि बिहार में निर्वाचन आयोग द्वारा किया जा रहा मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम संविधान के दायरे में है। लेकिन अदालत ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के समय पर प्रश्न उठाया है। गौरतलब है कि सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के खिलाफ दायर याचिकाओं पर तुरंत सुनवाई पर सहमति व्यक्त की थी। न्यायालय में दायर कई याचिकाओं में दावा किया गया है कि अगर विशेष गहन पुनरीक्षण को खारिज नहीं किया जाता तो इससे मनमाने ढंग से और बिना उचित प्रक्रिया के लाखों मतदाता वोट देने से वंचित रह जाएंगे।

000

केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने जन शिकायतों के समाधान के तरीके में आमूल–चूल परिवर्तन का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की संतुष्टि के लिए शिकायत निवारण केवल निपटान तक सीमित नहीं होना चाहिए। आज नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि हमें शिकायतों को नीतियों और प्रशासनिक नियमों में खामियों की पहचान करने के अवसर के रूप में देखना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि शिकायत निवारण प्रणालीगत सुधार और जीवन को सुगम बनाने का एक साधन होना चाहिए।

000

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा है कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक से स्वास्थ्य, जलवायु और जैव विविधता पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने इसके उपयोग पर पूरी तरह से रोक लगाने पर जोर दिया। श्री पंत आज जयपुर में सिंगल यूज़ प्लास्टिक रोकथाम टास्क फोर्स की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पादों के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने अंतर्राज्यीय परिवहन के माध्यम से हो रही सिंगल यूज़ प्लास्टिक की आपूर्ति पर रोक लगाने के लिए परिवहन और वाणिज्य कर विभाग को रणनीति तैयार करने को कहा। उन्होंने विभिन्न विभागों को आमजन को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक करने के निर्देश दिये।

000

राज्य के मिनरल ब्लॉक्स और प्लाट्स के सीमा निर्धारण से लेकर खान परिचालन सहित सभी आवश्यक जानकारियां अब राजधरा पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाएंगी। खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि इन जानकारियों को प्रधानमंत्री गतिशक्ति पोर्टल से भी जोड़ा जाएगा। एक रिपोर्ट –

................

000

गुरुपूर्णिमा के अवसर पर आज प्रदेशभर में गुरुओं के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कई जिलों में धर्म गुरुओं का सम्मान किया गया। इन कार्यक्रमों में राज्य सरकार के मंत्री, विधायक, जिला कलेक्टर या उनके द्वारा नामित अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर के लुधावई स्थित हनुमान मंदिर के संत का पूजन कर उनका वंदन किया। इससे पहले उन्होंने डीग के पूंछरी का लौठा में भी संतों का सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी

प्रदेशवासियों को गुरू पूर्णिमा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुरू जीवन में प्रेरणा स्त्रोत और पथ प्रदर्शक होते हैं। श्री शर्मा ने श्रीनाथ जी मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पाली में गुरू वंदन कार्यक्रम में भाग लिया। डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु देव दर्शन के लिए पहुंचे। संत मावजी की जन्मस्थली साबला में भजन कीर्तन के आयोजन हुए। वहीं भरतपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि विभिन्न आश्रमों और मठों में गुरूओं का वंदन किया जा रहा है। साथ ही भंडारे और प्रसादी के आयोजन हो रहे हैं।

...............

000

प्रदेश के कई स्थानों पर तेज बारिश दौर जारी है। आज जयपुर, हनुमानगढ़, सीकर, सवाईमाधोपुर सहित विभिन्न जिलों में अच्छी बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 16 सेंटीमीटर पानी अजमेर के नसीराबाद में बरसा। कोटपूतली में 15, अजमेर और बहरोड़ में 11–11, सीकर के फतेहपुर में 9, पावटा, मंडरायल और किशनगढ़बास में 7–7 सेंटीमीटर बारिश हुई। प्रदेश में अब तक सामान्य से 102 प्रतिशत अधिक बरसात हो चुकी है। सवाईमाधोपुर में दोपहर बाद हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। इससे लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली है।

................

मौसम विभाग ने आज जयपुर, अजमेर, कोटा और सीकर सहित 27 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं कल से दक्षिण–पूर्वी राजस्थान में बारिश की गतिविधियों में बढोतरी के आसार हैं।

000

धौलपुर जिले के सैपऊ में पार्वती नदी में नहाने के दौरान आज चार युवक डूब गए। इनमें से तीन युवकों को बचा लिया गया, लेकिन एक युवक का अभी तक सुराग नहीं लग सका है। पुलिस और स्थानीय गोताखोर युवक की तलाश में जुटे हैं। बरसात के कारण पार्वती नदी में पानी की आवक अधिक होने से ये हादसा हुआ। उधर, जैसलमेर के पोकरण क्षेत्र में कल नई मंगोलाई गांव के पास गड्ढे में डूबने से चार बच्चों की मृत्यु हो गई। यह गड्ढा मिट्टी निकालने के लिए खोदा गया था, जिसमें बारिश का पानी भर गया था।

000

भारतीय वायुसेना के फ्लाइट लेफ्टिनेंट ऋषिराज सिंह देवड़ा की पार्थिव देह आज सेना के विशेष विमान से सिरोही हवाई पट्टी पर लाई गई। यहां से उसे उनके पैतृक गांव पाली के खिवांदी ले जाया गया, जहां सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जा रहा है। गौरतलब है कि कल चूरू के राजलदेसर में लड़ाकू विमान जगुआर के दुर्घटनाग्रस्त होने से ऋषिराज सिंह वीरगति को प्राप्त हो गये थे।

000

भारतीय वायुसेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कल से शुरू हो रहे हैं। रक्षा जनसम्पर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल निखिल धवन ने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार इसके लिए 31 जुलाई तक पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 2 जुलाई 2005 से दो जनवरी 2009 के बीच जन्मे अविवाहित पुरूष और महिला उम्मीद्वार इस भर्ती के लिए पात्र होगें। इसके लिए 12वीं कक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।

000

राज्य में अब ट्रांसफॉर्मर चोरी हो जाने पर नया ट्रांसफॉर्मर लेने के लिए बिजली उपभोक्ताओं को एफआईआर दर्ज होने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इससे कृषि उपभोक्ताओं को खास फायदा होगा। विद्युत वितरण निगमों ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। अधीक्षण अभियंता कार्यालय की ओर से प्राथमिकी दर्ज होने का इंतजार किए बिना ट्रांसफॉर्मर आवंटित किया जाएगा। साथ ही, 15 दिन के अंदर एफआईआर दर्ज कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। गौरतलब है कि ट्रांसफॉर्मर चोरी होने के बाद एफआईआर दर्ज होने की प्रक्रिया में लम्बा समय लग जाता था। नए ट्रांसफॉर्मर के लिए किसानों को प्रतीक्षा करनी पड़ती थी।

000